रबी विपणन वर्ष 2022-23 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत जनपद-देवरिया में दिनांक 14.05.2022 तक कुल 1704 कृषकों से कुल 73024.57 कु० गेहूं क्रय किया गया है, जो लक्ष्य का 7.16 प्रतिशत है। जनपद में कृषक बन्धुओं को अपने गेहूँ उपज की बिक्री सरकारी गेहूँ क्रय केन्द्रों पर करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है तथा गेहूं खरीद में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु मोबाइल केन्द्र के माध्यम से गेहूं खरीद की जा रही है। जनपद के प्रत्येक केन्द्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें उपलब्ध हैं। जनपद-देवरिया में 136 गेहूँ क्रय केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं और क्रय केन्द्रों से कृषकों का गेहूँ क्रय न किये जाने सम्बन्धी शिकायतें नहीं प्राप्त हुई हैं। वर्तमान में गेहूँ का बाजार भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक होने के कारण कृषक अपना गेहूँ क्रय केन्द्रों के स्थान पर खुले बाजार में बेचने को प्रेरित हो रहे हैं तथा कृषकों को गेहूँ का मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक प्राप्त हो रहा है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्य मंत्री**